एकल उपयोगकर्ता टॉयलेट रूम पहचान सूचक

एकल उपयोगकर्ता टॉयलेट रूम क्या होता है?

एकल उपयोगकर्ता टॉयलेट रूम एक ऐसा टॉयलेट रूम - या शौचालय होता है - जिसे केवल एक ही व्यक्ति उपयोग कर सकता है।

लिंग-निरपेक्ष टॉयलेट रूम चिह्नक क्या होता है, और इसकी आवश्यकता कब होती है?

लिंग निरपेक्ष चिह्नक दिखाता है कि किसी शौचालय का उपयोग किसी भी लिंग के व्यक्ति से किया जा सकता है। एकल-उपयोगकर्ता टॉयलेट रूम के लिए लिंग-निरपेक्ष टॉयलेट रूम चिह्नक आवश्यक होता है। यह आवश्यकता 2016 का स्थानीय कानून 79 द्वारा निर्धारित की गई थी।

2016 का स्थानीय कानून 79 क्या है?

- इसके तहत आवश्यक है कि एकल-उपयोगकर्ता टॉयलेट रूम वाले सभी व्यवसाय ऐसे टॉयलेट रूम किसी भी लिंग के व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध कराएं।
- इसके लिए ऐसे एकल-उपयोगकर्ता टॉयलेट रूम में कोई वास्तविक परिवर्तन **आवश्यक नहीं होता है**, बस केवल लिंग-निरपेक्ष चिह्नक पोस्ट कर के उसे बनाए रखना आवश्यक होता है।

कैसा लिंग-निरपेक्ष चिह्नक उपयुक्त होता है?

जहाँ डिपार्टमेन्ट किसी विशेष चिह्नक की माँग नहीं करता है, निम्नलिखित उपयुक्त होंगे

Signage Example

लिंग-निरपेक्ष चिह्न कहाँ पोस्ट किया जाना चाहिए?

लिंग-निरपेक्ष चिह्नक एकल-उपयोगकर्ता वाले टॉयलेट रूम के पास की दीवार पर पोस्ट किया हुआ होना चाहिए।

शिकायत करना

पर्याप्त लिंग-निरपेक्ष चिह्नक के बिना के किसी भी एकल-उपयोगकर्ता रेस्टरूम की न्यूयॉर्क शहर की **311** शिकायत प्रणाली को या तो https://www1.nyc.gov/311/ पर जाकर या फिर 311 पर कॉल करके शिकायत की जा सकती है।